हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
7 नवंबर 2022, कार्तिक शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2079, बरेली

PAGE NO : 05 BOTTOM

'हाय हैंडसम' में दिखा अकेलेपन का दर्द

एसआरएमएस रिद्धिमा मे रविवार को नाटक का मंचन करते कलाकार। • हिन्दुस्तान

मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस रिद्धिमा में दूसरे थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव 2022 के अंतिम दिन रविवार को कोलकाता के यूनिवर्सल लिटिल थिएटर की ओर से नाटक ''हाय हैंडसम'' का मंचन किया गया। परिस्थियों पर हास्य बिखेरता यह नाटक परिवार और बुजुर्ग लोगों की समस्या उठाते हुए ट्रेजेडी पर समाप्त होता है।

नाटक एक मिलिट्री अफसर कर्नल कपूर की फैमिली की कहानी है, जो विधुर हैं। उनका एक बेटा है, जिसने माडलिंग करने वाली लड़की मंदा से प्रेम विवाह किया है। मंदा अपने कैरियर पर ध्यान देना चाहती है, लेकिन कर्नल कपूर चाहते हैं कि वो अपना परिवार संभाले। मंदा की मां सीता देवी भी विधवा हैं। वो भी मंदा की आदतों से परेशान रहती हैं। कपूर साहब और सीता देवी दोनों की हालत एक जैसी है। बच्चों का अपने मां बाप की तरफ ध्यान नहीं देने से दोनों अकेले हो गए हैं। सीता और कपूर में एक दूसरे की तकलीफ देखकर सहानुभूति जन्म लेती है। दोनों एक दूसरे की जरूरत को समझ कर शादी कर लेते हैं। दोनों की शादी को बच्चे स्वीकार नहीं करते। सिर्फ घर का नौकर कमाल इसे सही कदम बताता है। कई उतार चढ़ाव के बाद हैप्पी एंडिंग से नाटक का अंत होता है। नाटक का उद्देश्य घर में इग्नोर होते बुजुर्गों की समस्या को उठाना है। बच्चों की व्यस्तता और उपेक्षा से उनका अकेलापन बढ़ जाता है। नाटक में कर्नल कपूर की भूमिका प्रताप जैसवाल, सीता देवी की भूमिका अलकाइरा हाशमी, स्वामी की भूमिका संजीव राय, मंदा की भूमिका तान्या एनी दास और कमाल खुर्शीद की भूमिका इकराम ने निभाई। थिएटर फेस्टिवल के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में बिथरी विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा, शायर वसीम बरेलवी, अपर आयुक्त अरुण कुमार भी पहुंचे।